## एक नजर में

### न्युवोको विस्टास ने सूरत में शुरू किया लिमला सीमेंट प्लांट

इंदौर. न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड ने सूरत में स्थित अपने लिमला सीमेंट प्लांट (एलसीपी) का उद्घाटन किया. यह प्लांट वदराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) की प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में से एक है. इसके साथ ही, न्युवोको ने गुजरात में अपनी शुरुआत कर दी है. न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा सूरत के लिमला ग्राइंडिंग यूनिट की शुरुआत न्युवोको के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है. साथ ही, यह योजनाबद्ध तरीके से कारोबार बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है. गुजरात हमारे लिए एक अहम् बाजार है, जहाँ इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास, उद्योगों का विस्तार, बढ़ता शहरीकरण और आवास व निर्माण क्षेत्र में लगातार बढ़ती माँग हमें आगे बढ़ने के उत्कृष्ट अवसर देती है. इस प्लांट के शुरू होने से हमारी मौजूदगी और मजबूत होगी. साथ ही, उत्तर और पश्चिम भारत के ग्राहकों तक हम अपने प्रोडक्ट्स पहले से ज्यादा तेजी और बेहतर तरीके से पहुँचा सकेंगे.

### रक्तांचल सीज़न 3 का दमदार ट्रेलर जारी

इंदौर. भारत की प्रमुख मुफ्त, प्रीमियम और विज्ञापन-समर्थित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने आज अपनी चर्चित क्राइम फ्रेंचाइज़ रक्तांचल सीज़न 3 का दमदार ट्रेलर जारी किया. यह नया सीज़न अब तक का सबसे रोमांचक और एक्शन से भरपूर सीज़न होने वाला है. इस सीज़न का निर्देशन ऋतम श्रीवास्तव ने किया है, इसकी कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है और इसका निर्माण जार मोशन पिक्चर्स ने किया है. सीरीज़ में क्रांति प्रकाश झा, निकितिन धीर, करण पटेल, माही गिल, राजेश कुमार और विक्रम कोच्छर जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आएंगे. पूर्वांचल की पृष्ठभूमि पर आधारित इस नए सीज़न में बदले, महत्वाकांक्षा, कमजोर रिश्तों और विश्वासघात की कहानी को पहले से कहीं ज्यादा गहराई से दिखाया जाएगा, यहां हर फैसला भारी कीमत लेकर आता है. रक्तांचल सीज़न 3 का प्रीमियर 16 जुलाई से केवल अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर होगा. एक्शन और रोमांच से भरपूर ट्रेलर रक्तांचल की अब तक की सबसे जबरदस्त कहानी की झलक दिखाता है.

### स्वराज ने मप्र में लॉन्च किया नया प्रोटेक ट्रैक्टर

इंदौर. महिंद्रा समूह की कंपनी स्वराज ट्रैक्टर्स ने मप्र में अपना नया स्वराज प्रोटेक ट्रैक्टर लॉन्च किया. स्वराज प्रोटेक को दमदार प्रदर्शन, सटीक इंजीनियरिंग और आसान संचालन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि कृषि हो या व्यावसायिक कार्य, हर काम कम समय, कम मेहनत और अधिक दक्षता के साथ पूरा किया जा सके. इसमें भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित की गई आधुनिक तकनीक और कई उन्नत फीचर्स दिए गए हैं, जो कठिन से कठिन कार्यों को भी आसानी से पूरा करने में मदद करते हैं. स्वराज



855 प्रोटेक 2डब्ल्यूडी और 4डब्ल्यूडी दोनों विकल्पों में उपलब्ध होगा. इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के स्वराज डिवीजन के सीईओ गगनजोत सिंह ने कहा खेती का भविष्य ऐसी तकनीक पर आधारित होगा जो किसानों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप, भरोसेमंद और उपयोगी हो. प्रोटेक इसी सोच का परिणाम है. यह किसानों को अधिक सटीकता, बेहतर उत्पादकता और आसानी से काम करने में सक्षम बनाता है. मध्य प्रदेश में इसका लॉन्च विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देश का सबसे बड़ा सोयाबीन उत्पादक और गेहूं व चना उत्पादन में दूसरा सबसे बड़ा राज्य है.

### ऑपरेशन सफेद सागर 7 अगस्त से रिलीज़ होगी

इंदौर. नेटफ्लिक्स ने घोषणा की कि भारतीय वायुसेना के सबसे चुनौतीपूर्ण युद्ध अभियानों में से एक पर आधारित नई मिलिट्री ड्रामा सीरीज़ ऑपरेशन सफेद सागर 7 अगस्त से दुनिया भर में स्ट्रीम होगी. 1999 के कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी 'ऑपरेशन सफेद सागर' भारतीय वायुसेना की 'गोल्डन एरोज स्क्वाड्रन' की अब तक अनकही बहादुरी की कहानी दिखाती है. कठिन परिस्थितियों और बड़ी चुनौतियों के बावजूद इस स्क्वाड्रन ने अपने मिशन को सफल बनाया. सीरीज़ में उनके साहस, बलिदान और देश के प्रति समर्पण को दिखाया गया है. नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज हेड तान्या बामी ने कहा नेटफ्लिक्स में हम हमेशा ऐसी नई और दमदार कहानियां दर्शकों तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं, जो पहले कभी नहीं बताई गई. ऑपरेशन सफेद सागर भी ऐसी ही एक कहानी है, जिसे भारतीय वायुसेना ने हम पर भरोसा करके दुनिया तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी है. कारगिल युद्ध में भारतीय वायुसेना की भूमिका से प्रेरित यह भारत की अपनी तरह की पहली वेब सीरीज़ है. यह सीरीज़ गोल्डन एरोज स्क्वाड्रन के साहस, टीमवर्क और देश के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देती है.

### गो स्टडी ओवरसीज में पढ़ाई को बना रहा आसान

इंदौर. आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा अच्छी पढ़ाई करे और जीवन में आगे बढ़े. लेकिन, बहुत कम लोग जानते हैं कि दुनिया के कई देश ऐसे हैं, जो अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप देते हैं. कई सरकारी यूनिवर्सिटीज़ में ट्यूशन फीस नहीं देनी पड़ती और रहने के खर्च के लिए भी सरकार की तरफ से आर्थिक मदद मिलती है. सही जानकारी न होने की वजह से भारत के हजारों छात्र इन मौकों का फायदा नहीं उठा पाते. इसी सोच के साथ गो स्टडी ओवरसीज की शुरुआत हुई. संस्था का उद्देश्य है कि हर छात्र कम खर्च में विदेश से अच्छी पढ़ाई कर सके. गो स्टडी ओवरसीज छात्रों को इटली, जर्मनी, आयरलैंड, फ्रांस और दुबई जैसे देशों में एडमिशन दिलाने में मदद करता है. साथ ही, यूनिवर्सिटी चुनने, स्कॉलरशिप, डॉक्यूमेंट्स, वीज़ा और पूरी एडमिशन प्रक्रिया में छात्रों और उनके परिवारों का पूरा मार्गदर्शन भी करता है. इस पहल की शुरुआत अमित बुखारिया ने की. भारत में बढ़ती शिक्षा लागत को करीब से देखने के बाद उन्होंने कम खर्च में विदेश में पढ़ाई के विकल्पों पर काम शुरू किया.

# मुख्यमंत्री ने युवाओं में भरी नई ऊर्जा

- माय यूथ माय प्राइड कार्यक्रम में दिखा उत्साह

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित माय यूथ माय प्राइड कार्यक्रम में युवाओं के साथ उत्साहपूर्ण सहभागिता की. मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं. उनके संकल्प, साहस और सकारात्मक ऊर्जा से विकसित भारत का निर्माण संभव है.**

इस दौरान उन्होंने 'आज़ाद युवा मोटर बाइक रैली' और 'शंकर संकल्प साइकिल यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया. दोनों यात्राओं का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं के साथ मालवा के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया, उनसे संवाद किया, सेल्फी खिंचवाई और लाइव म्यूजिक व राष्ट्रभक्ति गीतों का आनंद भी लिया. 'वंदे मातरम्' सहित देशभक्ति गीतों पर युवाओं के साथ उनका उत्साहपूर्ण सहभाग कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, उषा ठाकुर, गोलू शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे.

## युवाओं ने साझा किए अपने अनुभव



पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्राध्यापक डॉ. विजेता भटूरे ने कहा कि तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले युवा नौकरी तलाशने के बजाय स्वरोजगार की ओर बढ़ रहे हैं. उन्होंने अपनी छात्रा महक का उदाहरण देते हुए बताया कि उसने कंप्यूटर क्षेत्र में अपना स्टार्टअप शुरू किया है. उनके अनुसार ऐसे कार्यक्रम युवाओं में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देते हैं.



भोपाल की साइकिलिस्ट चंद्रकांता बजाज ने बताया कि वह भोपाल से साइकिल चलाकर इंदौर कार्यक्रम में शामिल हुई हैं. उनके अनुसार ऐसे एडवेंचर और फिटनेस आधारित आयोजन युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के लिए प्रेरित करते हैं.



कमलेश चंदवानी अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में पहुंचे. उन्होंने कहा कि युवाओं को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए. उनकी पत्नी कविता चंदवानी ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि युवा अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को सकारात्मक कार्यों में लगाएं.



इंदौर पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्रा नैना चौधरी ने बताया कि स्टार्टअप सत्र से उन्हें उद्यमिता और सरकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी मिली. उन्होंने भविष्य में अपना स्टार्टअप शुरू कर रोजगार सृजित करने की इच्छा जताई.



# शिक्षा परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम : डॉ. यादव

- जमीन पर बैठकर बच्चों से रूबरू हुए मुख्यमंत्री
- शिक्षा को बताया बदलाव का माध्यम

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. पूर्व मंत्री स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह गौड़ की 68वीं जयंती पर बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में संस्था हिंद रक्षक के 21वें पुण्योदय प्रकल्प विद्यादान अभियान का शुभारंभ हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीप प्रज्वलित कर विद्यार्थियों को महापुरुषों के जीवन चरित्र पर आधारित पुस्तकें और कॉपियां वितरित कीं. इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर संवाद भी किया.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम है. उन्होंने हिंद रक्षक के विद्यादान अभियान की सराहना करते हुए कहा कि सरकार भी विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है. उन्होंने बताया कि प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय, पीएमश्री स्कूल और प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शिक्षा की नई त्रिवेणी के रूप में विकसित हो रहे हैं. कक्षा 6 और 9 के करीब पांच लाख विद्यार्थियों को साइकिलें तथा स्कूल यूनिफॉर्म उपलब्ध कराई जा रही हैं. उन्होंने कहा कि दो वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 50 तक पहुंचाने का लक्ष्य है और स्कूल टॉपर विद्यार्थियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी दी जाएगी. कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़, उषा ठाकुर, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.

### सांकेतिक शुल्क पर करते हैं वितरित

हिंद रक्षक के संयोजक एकलव्य सिंह गौड़ ने बताया कि वर्ष 2003 से संस्था द्वारा प्रतिवर्ष करीब 3.5 लाख कॉपियां विद्यार्थियों को एक रुपये के सांकेतिक शुल्क पर वितरित की जाती हैं. इस वर्ष 11 जुलाई से 11 अगस्त तक चलने वाले अभियान से 60 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा.

# पीएफ ट्रस्टों के नियमितीकरण के लिए ईपीएफओ की एमनेस्टी योजना

- छह माह तक कर सकेंगे आवेदन

नवभारत न्यूज़

इंदौर. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ ने आयकर अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त लेकिन औपचारिक छूट अधिसूचना से वंचित प्रोविडेंट फंड पीएफ ट्रस्ट संचालित करने वाले प्रतिष्ठानों के लिए एमनेस्टी योजना-2026 लागू की है. योजना के तहत पात्र प्रतिष्ठान छह माह के भीतर आवेदन कर अपने पीएफ ट्रस्ट का पूर्व प्रभाव से नियमितीकरण करा सकेंगे.

ईपीएफओ के अनुसार, वित्त अधिनियम-2026 के तहत पीएफ ट्रस्टों को कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध उपबंध अधिनियम, 1952 के प्रावधानों के अनुरूप लाया गया है. योजना के तहत पात्र प्रतिष्ठानों को पूर्व प्रभाव से छूट, लंबित कानूनी मामलों में राहत तथा सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के कुछ प्रावधानों में भी छूट का लाभ मिलेगा. योजना के लिए आवेदन अधिसूचना जारी होने की तिथि 29 जून 2026 से छह माह तक किए जा सकेंगे. इच्छुक प्रतिष्ठान अपना आवेदन या एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय अथवा ईमेल ह्म्.द्र×द्गद्वश्चह्लद्ब४द्बह्यद्ग.श्चद्धद्बद्दह्सद्बह्य.द्द४1.द्ब ड्ड पर भेज सकते हैं. आवेदन के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट से ऑडिट कराना भी अनिवार्य होगा.

इंदौर के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कुमार ने पात्र प्रतिष्ठानों से योजना का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा है कि आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक मार्गदर्शन के लिए क्षेत्रीय ईपीएफ कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है.

# महाभिषेक, कुमकुम अर्चना से भक्तिमय लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान

**इंदौर. छत्रीबाग स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान में चल रहे ब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को भगवती पराम्बा राजराजेश्वरी श्रीमहालक्ष्मी का रजत कलशों की सहस्त्रधारा से महाभिषेक किया गया. इसके बाद स्वर्ण मंगलगिरी रात्रि 8.30 पर माता की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.**

पंकज तोतला ने बताया कि उत्सव मंडप में 500 से अधिक दंपतियों सहित हजारों वैष्णव श्रद्धालुओं ने 'श्रियं श्रियै नमः' मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक कुमकुम अर्चना कर सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना की. शाम को विद्यार्थियों द्वारा स्तोत्र पाठ और भजन



गायक राजेश सांखला की भजन प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया. शनिवार को देवस्थान का पूरा वातावरण हनुमंत लाल मय हो गया था प्रभु वेंकटेश जी ने अहनुमंत लाल के हाथ मे विराजमान होकर श्री राम ने नए स्वरूप के दर्शन दिए. बाहर के प्रांगण में चारो ओर सुंदरकांड के पावन चरित्र के दर्शन हुए जिसमें एक तरफ हनुमान महाराज सूर्य को निगलते दिखाई दिए तो दूसरी ओर पानी की लहरों में सुरसा के मुख में जाते हुए दिए. वही लंका का दहन करते नजर आए.

### आज छोटी रथयात्रा निकलेगी

स्तुति लाहोटी ने बताया कि 12 जुलाई को प्रातः प्रभु श्री वेंकटेश जी का रजत कलशों से महाभिषेक एवं संत सभा होगी. रात्रि 8.30 बजे प्रभु वेंकटेश की छोटी रथयात्रा छत्रीबाग क्षेत्र में निकलेगी. उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान महिला मंडल की सदस्याएं प्रतिदिन भगवान के लिए पुष्प मालाएं तैयार कर सेवा कर रही हैं, जिनसे प्रतिदिन विशेष श्रृंगार किया जाता है.

# निगम का ब्लू बॉन्ड अक्टूबर में जारी होने की संभावना

- शहर में नर्मदा पानी के लिए 16 सौ करोड़ रुपए जुटाएंगे


इंदौर. नगर निगम का ब्लू बॉन्ड इस साल अक्टूबर में आने की संभावना है. नगर निगम इसके पहले सोलर प्लांट के लिए ग्रीन बॉन्ड निकल चुका है, जिसका लाभ निवेशकों को निगम द्वारा बराबर दिया जा रहा है. निगम शहर में ब्लू बॉन्ड से 450 एमएलडी पानी की व्यवस्था करेगा. इसका उद्देश्य 2047 आत्मनिर्भर नगर निगम की योजना है. 450 एमएलडी पानी लाने के लिए निगम 16 सौ





करोड़ रुपए की राशि ब्लू बॉन्ड से इकट्ठा करेगा. करीब दो साल पहले नगर निगम ने सौर ऊर्जा संयत्र स्थापित करने के लिए ग्रीन बांड जारी किए थे. उक्त योजना की लगत 271 करोड़ रुपए थी. शहर हित और जनहित में ग्रीन बांड को अच्छा प्रतिसाद मिला. निगम ने भी हर माह बांड धारियों को बकायदा 1 हजार का भुगतान किया है. आज निगम को सौर ऊर्जा संयत्र से बिजली बिल में सालाना 30 से 40 करोड़ रुपए की बचत हो रही है. नगर निगम द्वारा 60 मेगावाट का सौर उर्जा संयत्र शुरू कर दिया गया. इससे नगर निगम को पूरे प्रदेश और देश में ख्याति मिली है. इसका श्रेय मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को दिया है. भविष्य की दृष्टि से शहर हित में उल्लेखनीय कदम बताते हुए अन्य नगर निगम को सौर ऊर्जा के लिए काम करने की सीख दी है. ग्रीन बांड से मिली सफलता के बाद नगर निगम शहर में ब्लू बॉन्ड जारी करने की तैयारी कर रहा है. शहर में 450 एमएलडी नर्मदा जल लाने और वितरण व्यवस्था के लिए 16 सौ करोड़ रुपए की जरूरत है नगर निगम को, उक्त 16 सौ करोड़ रुपए जुटाने के लिए नगर निगम ब्लू बॉन्ड जारी करने वाला है. इस साल अक्टूबर में दशहरे के आसपास नगर निगम द्वारा ब्लू बॉन्ड जारी करने की संभावना है.

### आत्मनिर्भर बनाना मुख्य लक्ष्य : भार्गव



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इस साल अक्टूबर में ब्लू बॉन्ड जारी करने की तैयारी है. इसके तहत नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है. उक्त योजना से आने वाले 20 सालों तक निगम को जनता के लिए पानी की व्यवस्था नहीं करना पड़ेगी. ब्लू बांड योजना में 450 एमएलडी पानी आने के बाद शहर में 60 लाख जनसंख्या तक पानी की जरूरत खत्म होगी.

### मुख्यमंत्री आज करेंगे एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ

इंदौर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत इंदौर में 12 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे पितृ पर्वत के आगे स्थित बीएसएफ परिसर, ग्राम बुडानिया में 21 लाख पौधारोपण एवं 51 हजार वर्षा जल संचयन यूनिट स्थापना के महाअभियान का शुभारंभ किया जाएगा. महाअभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे. कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे.









